# झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, राँची

**प्रतिदर्श प्रश्न पत्र (2023-2024)**

| कक्षा-10 | विषय- हिंदी 'ए' | समय- 3घंटा | पूर्णांक- 80 |
|---|---|---|---|

**सामान्य निर्देश:-**

- परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में उत्तर दें।
- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- कुल प्रश्नों की संख्या 52 है।
- प्रश्न 1 से 30 तक बहुविकल्पिय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प दिए गए हैं।
- सही विकल्प का चयन कीजिये। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक अंक निर्धारित है।
- प्रश्न संख्या 31 से 38 तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न है। जिसमे से किन्ही 6 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न का मान 2 अंक निर्धारित है।
- प्रश्न संख्या 39 से 46 तक लघु उत्तरीय प्रश्न है। जिसमे से किन्ही 6 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न का मान 3 अंक निर्धारित है।
- प्रश्न संख्या 47 से 52 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। किन्हीं 4 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न का मान 5 अंक निर्धारित है।

---

**(बहुविकल्पीय प्रश्न)**

**अपठित बोध**

**निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सही विकल्प का चयन करें। (1X5=5)**

आशा से भरकर जीवन को देखो तो निराश और नकारात्मक दिखाई देने वाला जीवन का मार्ग साफ़ और गतिशील दिखाई देना आरंभ हो जाएगा। इसके लिए तुम्हें क्या करना होगा? इसका उत्तर है- तुम्हें केवल अनंत धैर्य, विश्वास और आशा से अपनी मंज़िल की ओर देखना होगा। तुम्हें यह भी ध्यान रखना होगा कि जो आज नहीं हुआ, वह कल होगा। कल नहीं तो परसों अवश्य होगा। तुम्हारे प्रयत्न निष्फल नहीं जाएँगे। प्रतीक्षा और आशा जीवन-पथ के दो ऊँचे प्रकाश स्तंभ हैं। चीज़ों को, परिस्थितियों को, अपने आस-पास के व्यक्तियों को उनके अँधेरे हिस्सों की ओर से मत देखो। वहाँ से मत देखो, जहाँ से चीजें और स्थितियाँ कष्टपूर्ण और प्रतिकूल प्रतीत होती हो। हर किसी के उज्ज्वल और प्रकाशमान पक्ष को खोजो। घने काँटों के बीच खिले छोटे-से फूल को प्रेम के साथ देखने से काँटे दिखाई ही नहीं देंगे। विश्वास और आस्था को स्वयं में भर लो और उसे समाज के हर वर्ग में बाँटो। इसमें किसी प्रकार की कंजूसी मत करो। जिन्हें आशा, विश्वास, सहायता, सहयोग और सांत्वना


Jharworld.com

की आवश्यकता है, उन्हें बिना किसी स्वार्थ और द्वेष की भावना के इन्हें बाँट दो। अब तुम देखोगे कि समाज के बीच आशा और विश्वास में वृद्धि हो रही है।

1.नकारात्मक और निराशाजनक जीवन को स्पष्ट और गतिशील मार्ग में बदलने की कुंजी क्या है?

A. बुद्धिमत्ता और ज्ञान B. धैर्य, विश्वास और आशा

C. उम्मीद और संघर्ष D. धन और शक्ति

2. धैर्य और विश्वास की महत्ता के बारे में क्या सुझाव दिया गया है??

A. ये जीवन में अनावश्यक हैं|.

B. ये सफलता के लिए हानिकारक हैं।

C. ये अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए आवश्यक हैं।

D. ये केवल निश्चित परिस्थितियों में ही महत्त्वपूर्ण हैं।3I. चीजों, परिस्थितियों और आपके चारों ओर के लोगों को कैसे देखना चाहिए?

A. संदेह और संशय से B. घृणा और नकारात्मक पहलुओं से

C. क्रोध और भ्रम से D. उज्ज्वल और सकारात्मक पहलुओं से

4. किस उपमा का उपयोग चुनौतीपूर्ण स्थितियों में सकारात्मक देखने की महत्ता को जताने के लिए किया गया है?

A. कठिनाइयों को अदृश्य करना

B. काँटों के बीच फूलों को पालना

C. अंधकार को एक दोस्त के रूप में ग्रहण करना

D. रेगिस्तान में मिराज़ के पीछे भागना

5. प्रस्तुत गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक का चुनाव करें?

A. आशा और विश्वास के महत्व का संदर्भ

B. जीवन के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए धैर्य

C. समाज में अच्छाई का प्रमुख स्रोत

D. सकारात्मकता का मार्ग: आशा और विश्वास

**. प्रस्तुत पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सही उत्तर का चयन करें।(1X5=5)**

*वैराग्य छोड़ बाँहों की विभा सम्भालो,*
*चट्टानों की छाती से दूध निकालो,*
*है रुकी जहाँ भी धार, शिलाएँ तोड़ो,*
*पीयूष चन्द्रमाओं का पकड़ निचोड़ो।*

*चढ़ तुँग शैल शिखरों पर सोम पियो रे!*
*योगियों नहीं विजयी के सदृश जियो रे!*


Jharworld.com

6. कवि भारतीय युवकों को ऐसा जीवन जीने को कहता है जो-

A. कायरों जैसा हो   B. योगियों जैसा नहीं पराक्रमी वीरों जैसा हो

C. केवल बात करने वाले बुद्धिजीवी जैसा हो   D. जो व्यर्थ में समय नष्ट न करता हो

7. पद्यांश में किसे 'सोम' कहा गया है?

A. चट्टान   B. धार

C. वैराग्य   D. योगी

8. "योगियों नहीं विजयी के सदृश जियो रे!" का क्या संदेश है?

A. योगियों को प्रशंसा देने की सलाह

B. समृद्धि और सफलता के लिए प्रेरित करने वाला संदेश

C. योगियों के साथ मिलकर जीने की सलाह

D. योगियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने की सलाह

9. इस पद्यांश में कैसे जीवन को सराहा गया है?

A. योगी   B. वैरागी   C. विजयी   D. कायर

10. इस कविता का मूल स्वर क्या है?

A. प्रकृति   B. प्रेम   C. आह्वान   D. भक्ति

**व्याकरण**

**निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प का चयन करें।**   **(1X10=10)**

11. इनमें से किस वाक्य में अकर्मक क्रिया है?

A. सोनम गाना गाती है   B. अमन किताब पढ़ता है

C. मोहन सो रहा है   D. लता चाय पी रही है

12. कौन-सा वाक्य सकर्मक क्रिया का उदाहरण है?

A. बच्चा रोता है   B. लड़का हँसता है

C. रीता खाना खाती है   D. पक्षी उड़ रहे हैं

13. 'जलद' का अनेकार्थी कौन है?

A. कमल   B. मोती   C. मछली   D. बादल

14. दो पदों या शब्दों के मेल से बना तीसरा पद क्या कहलाता है?

A. संधि   B. समास   C. उपसर्ग   D. प्रत्यय

15. 'यथासंभव' कौन-सा समास है?

A. अव्ययीभाव   B. कर्मधारय   C. तत्पुरुष   D. बहुव्रीहि

16. 'नीला है जो कमल- नीलकमल' किस समास का विग्रह है?



Jharworld.com

A. तत्पुरुष B. कर्मधारय C. अव्ययीभाव D. बहुव्रीहि

17. 'जब वर्षा होती है तब मोर नाचने लगते हैं।'-रचना के आधार पर वाक्य का भेद बताएँ?

A. सरल वाक्य B. संयुक्त वाक्य C. मिश्र वाक्य D. उपवाक्य

18. जिस वाक्य में कर्म को प्रधानता दी जाती है वहाँ कौन-सा वाच्य होता है?

A. कर्तृवाच्य B. कर्मवाच्य C. भाववाच्य D. इनमें से कोई नहीं

19. बालक चाँद ________ देख रहा है।

A. की ओर B. क्या C. क्यों D. कैसे

20. निम्न में से कौन-सा शब्द समुच्चयबोधक अव्यय शब्द है?

A. धीरे-धीरे B. अरे C. अथवा D. वाह

**पाठ्यपुस्तक**

**. प्रस्तुत गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सही उत्तर का चयन करें।**

**(1X4=4)**

*उधौ तुम हौ अति बड़भागी,*
*अपरस रहत सनेह तगा तैं, नाहिन मन अनुरागी ।*
*पुरइनि पात रहत जल भीतर, ता रस देह न दागी ।*
*ज्यौं जल माह तेल की गागरि, बूँद न ताकौं लागी।*
*प्रीति नदी मैं पाऊं न बोरयौ, दृष्टि न रूप परागी।*
*'सूरदास' अबला हम भोरी गुर चाँटी ज्यौं पागी॥*

21. इस पद के रचयिता कौन हैं?

A. कबीरदास B. तुलसीदास C. रैदास D. सूरदास

22. गोपियाँ किसकी अनन्य भक्त थीं?

A. राधा B. कृष्ण C. उद्धव D. सूरदास

23. 'पुरइनि पात' का क्या अर्थ है?

A. पीपल का पत्ता B. केले का पत्ता

C. कमल का पत्ता D. कदंब का पत्ता

24. गोपियों ने उद्धव के व्यवहार की तुलना किससे की है?

A. गुड़ खाई हुई चीटियों से की है B. दीपक और बाती से की है

C. कमल के पत्ते और तेल के मटके से की है D. फूल और भौंरे से की है

**. प्रस्तुत गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के लिए सही उत्तर का चयन करें।**


Jharworld.com

**(1X4=4)**

बालगोबिन भगत की संगीत साधना का चरम उत्कर्ष उस दिन देखा गया ,जिस दिन उनका बेटा मरा। इकलौता बेटा था वह, कुछ सुस्त और बोदा सा था ,किंतु इसी कारण बालगोबिन भगत उसे और भी मानते। उनकी समझ में ऐसे आदमियों पर ही ज्यादा नजर रखनी चाहिए या प्यार करना चाहिए क्योंकि यह निगरानी और मोहब्बत के ज्यादा हकदार होते हैं। बड़ी साध से उसकी शादी कराई थी। पतोहू बड़ी सुभग और सुशील मिली थी। घर की पूरी प्रबंधिका बनकर भगत को बहुत कुछ दुनियादारी से निवृत्त कर दिया था।

25. बेटे के मरने पर बालगोबिन भगत क्या कर रहे थे?

A. रो रहे थे
B. गा रहे थे
C. हँस रहे थे
D. नाच रहे थे

26. भगत जी का बेटा कैसा था?

A. चालाक और कर्मठ
B. ईमानदार और शरारती
C. चतुर और तेज़
D. सुस्त और बोदा

27. भगत जी की पतोहू कैसी थी?

A. सुंदर और झगड़ने वाली
B. घर का ख्याल नहीं रखने वाली
C. घर का पूरा प्रबंध करने वाली
D. बड़ों का सम्मान न करने वाली

28. 'बोदा' का क्या अर्थ है?

A. मोटा
B. ज्ञानी
C. सुंदर
D. मंदबुद्धि

**निम्नलिखित प्रश्नों के लिए सही उत्तर का चयन करें।** **(1X2=2)**

29. साँप से डरकर भोलानाथ ने कहाँ शरण ली?

A. विद्यालय B. माता के आँचल C. चबूतरा D. पिता की गोद

30. 'जोर्ज पंचम की नाक' में किस पर व्यंग्य किया गया है?

A. रानी एलिज़ाबेथ पर
B. सरकारी तंत्र पर
C. रानी के दर्जी पर
D. भारतीयों की मेहमान नवाज़ी पर


Jharworld.com

**(वर्णनात्मक प्रश्न)**

**अति लघु उत्तरीय प्रश्न**

**निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं छह प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में दें: (2X6=12)**

(31) कैप्टन मूर्ति का चश्मा बार-बार क्यों बदल देता है?

(32) पठित पाठ के आधार पर बालगोबिन भगत के मधुर गायन की विशेषताएँ लिखिए

(33) आपके विचार से फादर ने भारत आने का मन क्यों बनाया होगा?

(34) बिस्मिल्ला खाँ को मंगल ध्वनि का नायक क्यों कहा जाता है?

(35) गोपियों ने उद्धव के प्रेम की तुलना किनसे की है?

(36) कवि नागार्जुन ने बच्चों की मुसकान का सौन्दर्य किन-किन बिम्बों के माध्यम से व्यक्त किया है?

(37) 'छाया मत छूना' कविता के माध्यम से कवि क्या संदेश देना चाहते हैं?

(38) संगतकार के माध्यम से कवि ने किस प्रकार के व्यक्तियों की ओर संकेत किया है?

**लघु उत्तरीय प्रश्न**

**निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं छह प्रश्नों के उत्तर लगभग 60-60 शब्दों में दें: (3X6=18)**

39. पानवाले का रेखाचित्र प्रस्तुत कीजिए।

40.लेखक ने फादर बुल्के को 'मानवीय करुणा की दिव्य चमक' क्यों कहा है?

41 लेखिका मन्नू भंडारी के व्यक्तित्व पर किन-किन व्यक्तियों का किस रूप में प्रभाव पड़ा है?

42 कवि नागार्जुन ने बच्चों की मुसकान के सौन्दर्य को किन-किन बिम्बों के माध्यम से व्यक्त किया है?

43 कवि बादल से फुहार, रिमझिम या बरसने के स्थान पर गरजने के लिए कहता है, क्यों?

44.आपके विचार से माँ ने ऐसा क्यों कहा कि लड़की होना पर लड़की जैसी दिखाई मत देना?

45झिलमिलाते रौशनी में नहाया गंगतोक लेखिका को किस तरह सम्मोहित कर रहा था?

46वाक्य किसे कहते हैं? रचना के आधार पर वाक्य के भेदों के नाम लिखें।

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न**

**. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 100 शब्दों में दीजिए। (5X2=10)**

47.अपने गाँव या मोहल्ले में अनियमित विद्युत् व्यवस्था को ठीक करने के लिए सहायक विद्युत अभियंता को एक अनुरोध पत्र लिखिए।



Jharworld.com

48. कलम बनाने वाली कम्पनी की ओर से लगभग 50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 100 शब्दों में दीजिए। (5X1=5)**

50. 'और देखते-ही-देखते नयी दिल्ली का कायापलट होने लगा'- नई दिल्ली के कायापलट के लिए क्या-क्या प्रयत्न किए गए होंगे?

51.जितेन नार्गे की ग़ाईड की भूमिका के बारे में विचार करते हुए लिखिए कि एक कुशल गाइड में क्या-क्या गुण होते हैं?

**52.. दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 150 शब्दों में निबंध लिखिए: (5X1=5)**

(1) **परिश्रम का महत्व**- संकेत बिंदु- भूमिका, श्रम ही जीवन का सत्य है, उन्नति और विकास में सहायक, उपसंहार

(ख) **हमारा राज्य झारखंड-** संकेत बिंदु- परिचय, इतिहास, सीमा, निवासी एवं संसाधन, उपसंहार)

*****



Jharworld.com

# झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद राँची (झारखंड)

**उत्तरमाला:**

**प्रतिदर्श प्रश्न पत्र (2023-2024)**

| कक्षा- 10 | विषय- हिंदी 'ए' | भाग-A (बहुविकल्पीय प्रश्न) |
|---|---|---|

**प्रश्न सं. 1**

1.B- धैर्य, विश्वास और आशा
2.C- ये अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए आवश्यक हैं।
3.D- उज्ज्वल और सकारात्मक पहलुओं से
4.B- काँटों के बीच फूलों को पालना
5.D- सकारात्मकता का मार्ग: आशा और विश्वास
6.B. योगियों जैसा नहीं पराक्रमी वीरों जैसा हो
7.B. धार
8.B. समृद्धि और सफलता के लिए प्रेरित करने वाला संदेश
9.C. विजयी
10.C. आह्वान
11.C. मोहन सो रहा है
12.C. रीता खाना खाती है
13.D. बादल
14.B. समास
15.A. अव्ययीभाव
16.B. कर्मधारय
17.C. मिश्र वाक्य
18.B. कर्मवाच्य
19.A. की ओर
20.C. अथवा
21.D. सूरदास
22.B. कृष्ण
23.C. कमल का पत्ता
24.C. कमल के पत्ते और तेल के मटके से की है
25.B. गा रहे थे
26.D. सुस्त और बोदा
27.C. घर का पूरा प्रबंध करने वाली
28.D. मंदबुद्धि
29.B. माता के आँचल
30.B. सरकारी तंत्र पर

******


Jharworld.com